२

संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–2, प्रथम एवं द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर–492002

E mail ID : diagricg.cg@nic.in Phone No. 0771-2511630

क्र./स्था./अ–1–ब(1)/सी.भ. सर्वे.–अनु./02/2024/717 रायपुर दिनांक 16/10/2024

विज्ञापन

कृषि विभाग के अंतर्गत सर्वेयर एवं अनुरेखक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा दिनांक 18.02.2024 को आयोजित परीक्षा का परिणाम विभाग को प्राप्त हो चुका है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में उल्लेखित सरल कमांक (कम्बाईन्ड रैंकिंग) के आधार पर उत्तीर्ण आवेदकों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच दिनांक 23.10.2024 से 25.10.2024 तक प्रातः 10:30 बजे से कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेती), इं.गां.कृ.वि. परिसर, लभाण्डी, रायपुर में की जावेगी। इस हेतु सूचना/निर्देश विभाग की वेबसाईट httpss://agriportal.cg.nic.in/agridept/AgriHi/ पर उपलब्ध है।

कृपया निर्धारित तिथि एवं समय तथा स्थान पर आवेदक स्वयं विज्ञापन में दर्शित अर्हताओं एवं वांछित दस्तावेज़ों के आधार पर मूल प्रमाण पत्रों तथा उक्त प्रमाणपत्रों की 02 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

अपर संचालक कृषि
संचालनालय कृषि
छ.ग. रायपुर

संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–2, प्रथम एवं द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर–492002

E mail ID : diagricg.cg@nic.in Phone No. 0771-2511630

क्र./स्था./अ–1–ब(1)/सी.भ. सर्वे.–अनु./02/2024/716 रायपुर दिनांक 16/10/2024

सर्वेयर एवं अनुरेखक के पद हेतु आवेदकों के प्रमाण पत्रों की जांच हेतु दिशा–निर्देश

कृषि विभाग के अंतर्गत सर्वेयर एवं अनुरेखक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा दिनांक 18.02.2024 को आयोजित परीक्षा का परिणाम विभाग को प्राप्त हो चुका है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में उल्लेखित सरल क्रमांक (कम्बाईन्ड रैंकिंग) के आधार पर उत्तीर्ण आवेदकों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच हेतु सूचना/निर्देश निम्नानुसार है।

जांच का स्थान	–		कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेती), इं.गां.कृ.वि. परिसर, लभाण्डी, रायपुर।
समय	–		प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक (कम्बाईन्ड रैंकिंग के आधार पर)
दिनांक 23.10.2024 (बुधवार)	–	1.	सर्वेयर पद हेतु व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के सरल क्र./कम्बाईन्ड रैंक 01 से 250 तक के समस्त आवेदक।
दिनांक 24.10.2024 (गुरूवार)	–	1	सर्वेयर पद हेतु व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के सरल क्र./कम्बाईन्ड रैंक 251 से 400 के मध्य के केवल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष एवं महिला आवेदक।
		2	सर्वेयर पद हेतु व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के सरल क्र./कम्बाईन्ड रैंक 417 से 2783 के मध्य के दिव्यांग श्रेणी के आवेदक।
		3	सर्वेयर पद हेतु व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के सरल क्र./कम्बाईन्ड रैंक 545 से 2542 के मध्य के भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के आवेदक।
		4	अनुरेखक पद हेतु व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के सरल क्र./कम्बाईन्ड रैंक 01 से 40 तक के समस्त आवेदक।
		5	अनुरेखक पद हेतु व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के सरल क्र./कम्बाईन्ड रैंक 41 से 90 के मध्य के केवल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष एवं महिला आवेदक।
दिनांक 25.10.2024 (शुक्रवार)	–		रिज़र्व दिवस (किन्हीं विशेष परिस्थितियों में यदि आवेदक अपनी कम्बाईन्ड रैंकिंग के अनुसार निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं हो पाता है, तो संबंधित आवेदक रिज़र्व दिवस में नियत स्थान एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज़ परीक्षण करवा सकता है)

कृपया निर्धारित तिथि एवं समय तथा स्थान पर आवेदक स्वयं विज्ञापन में दर्शित अर्हताओं एवं वांछित दस्तावेज़ों के आधार पर मूल प्रमाण पत्रों तथा उक्त प्रमाणपत्रों की 02 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

अपर संचालक कृषि
संचालनालय कृषि
छ.ग. रायपुर

C:\Users\Kishor Sahu Sir\Desktop\RAEO Shuddhi Patra.docx